2024/225

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

| प्रार्थी / अपीलांट | बनाम | अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट |
|---|---|---|
| श्री राजेश कुमार पुत्र श्री जगगालसिंह<br>निवासी प्लॉट नं. ई–3सी<br>अम्बाजी औद्योगिक क्षेत्र आबूरोड<br>जिला सिरोही। | | सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी<br>उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत |

किरम मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005 मुकदमा नं. 51 वर्ष 2024

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 28.08.2024 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 02.07.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि मौजा, पटवार हल्का आबूरोड तहसील आबूरोड जिला सिरोही के खसरा संख्या 260 / 130, 262 / 131 की कृषि भूमि का आवंटन जरिए आदेश क्रमांक / राजस्व / 73 / 1180 दिनांक 20.06.1973 के द्वारा किया गया था। उक्त आवंटन आदेश व नजरी नक्शा की प्रमाणित प्रति रो सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिए है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 02.07.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि मौजा, पटवार हल्का आबूरोड तहसील आबूरोड जिला सिरोही के खसरा संख्या 260 / 130, 262 / 131 की कृषि भूमि का आवंटन जरिए आदेश क्रमांक / राजस्व / 73 / 1180 दिनांक 20.06.1973 के द्वारा किया गया था। उक्त आवंटन आदेश व नजरी नक्शा की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा मांगी गई उपरोक्त सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।<br><br>(शुभम चौधरी)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | |

Scanned with CamScanner